JALAUN POLICE

दिनांक- 02.03.2026

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर, जोन कानपुर व पुलिस महानिरीक्षक झांसी, परिक्षेत्र झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा पावन पर्व होली के अवसर पर जनपद में सुरक्षा, शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से अपर पुलिस अधीक्षक जालौन, क्षेत्राधिकारी नगर व कोतवाली उरई पुलिस बल के साथ नगर उरई के मुख्य मार्ग/सर्राफा बाजार, सार्वजनिक/भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त कर आमजनमानस व व्यापारी बन्धुओं से संवाद कर शांतिपूर्ण ढंग से होली मनाने की अपील की गयी।

अवगत कराना है कि आज दिनांक 02.03.2026 को पुलिस अधीक्षक जालौन के नेतृत्व में होली त्यौहार के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक जालौन, क्षेत्राधिकारी नगर व कोतवाली उरई पुलिस बल के साथ नगर उरई के मुख्य मार्ग/सर्राफा बाजार, सार्वजनिक/भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी व प्र0नि0/थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने सर्किल व थाना क्षेत्रों के बाजारों/भीडभाड वाले व महत्वपूर्ण स्थानों पर पैदल मार्च कर सुरक्षा का अहसास कराते हुए **आमजनमानस से निम्नलिखित अपील की गयी-**

- होलिका दहन ऐसे स्थानों पर करें, जहां बिजली के तार व आस-पास कोई आवास या कोई ज्वलनशील पदार्थ न हो।
- केमिकल युक्त रंगों से परहेज करें व किसी के ऊपर जबरजस्ती रंग न डालें।
- सांप्रदायिक सौहार्द व भाईचारा बनाए रखें।
- नशे की हालत में वाहन न चलाएं। मोटर साइकिल पर तीन सवारी बैठकर न चलें एवं अनियंत्रित गति से वाहन न चलाएं, "यातायात नियमों का पालन करें"।
- त्यौहार मनाते समय सार्वजनिक मार्ग को अवरुद्ध न करें।

पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा शरारती व सौहार्द बिगाडने वाले अराजक तत्वों को कानून व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करने पर सख्त कार्यवाही किये जाने की चेतावनी दी गयी।

समस्त जनपद वासियों से सौहार्दपूर्ण होली मनाने की अपील की जाती है,

जालौन पुलिस आपकी सेवा में सदैव तत्पर है।